दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 202/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना श्रीनगर

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्ता को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री प्रवीण सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 विजय बहादुर मय हमराह उ0नि0 आरती कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्ता रेखा पत्नी भीम कबूतरा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी बिच्छु पहाडियाँ भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा जिसके कब्जे से मौके पर एक अदद प्लास्टिक की पिपिया में करीब 05 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ नाजायज बरामद करते हुये को कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 101/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.व0उ0नि0 विजय बहादुर

2.उ0नि0 आरती कुमारी

**गिरफ्तार अभियुक्ता-**

रेखा पत्नी भीम कबूतरा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी बिच्छु पहाडियाँ भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**बरामदगी-**

अभियुक्ता के कब्जे से एक अदद प्लास्टिक की पिपिया में करीब 05 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ बरामद किया गया।

दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 203/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना-कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से दाम्पत्य विवाद का सफल समाधान, काउंसलिंग उपरांत साथ रहने पर सहमति

- पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

- दिनांक 15/06/2026 को थाना स्थानीय कुलपहाड़ पर आवेदिका विदेश कुमारी अहिरवार पत्नी चंद्रभान निवासी ग्राम पठवापुरा, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा द्वारा अपने पति चंद्रभान के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट करने संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

- प्राप्त शिकायत के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया।

- काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को पारिवारिक जीवन में आपसी सम्मान, संवाद एवं सहयोग के महत्व के बारे में बताया गया तथा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

- काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से समझौता कर लिया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज या मारपीट न करने का आश्वासन दिया गया।

- आवेदिका विदेश कुमारी अहिरवार द्वारा अपने पति के साथ ससुराल जाने की इच्छा व्यक्त की गई, जिस पर दोनों पक्ष सहमत हुए। तत्पश्चात आवेदिका को उसके पति के साथ ससम्मान रुखसत किया गया।

- उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है एवं महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।






महोबा पुलिस

दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 204/26

# पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में डीवी/पीएसटी प्रक्रिया का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

- आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, महोबा में आयोजित उ0प्र0 पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत चल रही डीवी/पीएसटी (दस्तावेज सत्यापन/शारीरिक मानक परीक्षण) प्रक्रिया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया।
- निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं पंजीकरण स्थल, दस्तावेज सत्यापन काउंटर, शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) स्थल सहित संपूर्ण प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु उपलब्ध कराई गई पेयजल, छाया, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाए तथा प्रत्येक अभ्यर्थी के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।
- इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे भर्ती प्रक्रिया निर्विघ्न, शातिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।
- इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 205/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में 12 मुकदमाती मादक पदार्थों का निस्तारण उपरान्त इंसीनरेटर मशीन द्वारा विनष्टीकरण, पुलिस लाइन महोबा में सम्पन्न...।

मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के संबंध में निर्गत शासनादेशों/निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह (अध्यक्ष) एवं नामित समिति के अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों का विधिवत निस्तारण एवं विनष्टीकरण किया गया।

इस दौरान विनष्टीकरण समिति के समक्ष नियमानुसार कुल 12 मुकदमों से सम्बन्धित समस्त मुकदमाती मादक पदार्थों को प्रस्तुत कर उनका सत्यापन एवं तौल मशीन से मापन कराया गया, जिसके उपरांत उन्हें इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया। विनष्टीकरण की कार्यवाही के अंतर्गत 71.567 किलोग्राम गांजा को नष्ट किया गया।

उक्त संपूर्ण प्रक्रिया जनपद स्तरीय मादक पदार्थ विनष्टीकरण समिति की देखरेख में संपन्न कराई गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी उपस्थित रहे। पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराई गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि भविष्य में भी मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार उनके त्वरित निस्तारण एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे समाज में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।





# महोबा पुलिस

दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 206/26

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 15.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 207/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।




